चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ....अमर उजाला....

दिनांक ..9..2..2021....पृष्ठ संख्या......3..........कॉलम........7-8......

छात्राओं को सिखाए बाजरे के लड्डू और बिस्कुट बनाना

मंडी आदमपुर। आदमपुर स्थित एफजीएम राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं के लिए महिला प्रकोष्ठ एवं गृह विज्ञान के संयुक्त सौजन्य से पांच से आठ फरवरी तक चल रहे पाक-कला प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हो गया। प्राचार्य कृष्ण नूनियां की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से भोजन व पोषण विभाग से डॉ. नीता ने छात्राओं को बाजरे से बने स्वस्थ व पोषण युक्त व्यंजनों के बारे में प्रशिक्षित किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को विशेष रूप से बाजरे के लड्डू, सेव, केक व बिस्कुट बनाने सिखाए। ऐसे में घर में आसानी से उपलब्ध हो जाने वाली सामग्री जैसी गेहूं, बाजरे आदि से अत्यंत स्वादिष्ट व पोषण युक्त व्यंजन बनाए जा सकते हैं, जो स्वास्थ्य लाभ करते हैं एवं खान-पान की हमारी पुरानी परंपराओं को जीवित रख सकते हैं। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी सुजाता व गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. पिंकी के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला के दौरान डॉ. अशोक बेनीवाल, सीमा बांगड़, डॉ. किरण, सरिता व सुमन पूनिया आदि उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....

दिनांक 9.2.2021 पृष्ठ संख्या 2 कॉलम 3-5

'छात्राओं को दी व्यंजन बनाने की ट्रेनिंग'

मंडी आदमपुर, 8 फरवरी (भारद्वाज): आदमपुर स्थित एफ.जी.एम. राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं के लिए महिला प्रकोष्ठ एवं गृहविज्ञान के संयुक्त सौजन्य से पाक-कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य कृष्ण नूनियां की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से भोजन व पोषण विभाग से डॉ. नीता ने छात्राओं को बाजरे से बने स्वास्थ्यवर्धक व पोषण-युक्त व्यंजनों के बारे में प्रशिक्षित किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को विशेष रूप से बाजरे के लड्डू, सेव, केक व बिस्कुट बनाने सिखाए। कार्यशाला के दौरान डॉ. अशोक बैनीवाल, सीमा बांगड़, डॉ. किरण, सरिता व सुमन पूनिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

पाक-कला प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को जानकारी देती डॉ. नीता। (भारद्वाज)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........

दिनांक ....9.2.2021.... पृष्ठ संख्या.......4........ कॉलम.......2-3........

एचएयू में ऑफलाइन क्लास को लेकर मंथन, सरकार के आदेश का इंतजार

हिसार| अन्य कॉलेजों की तर्ज पर एचएयू में भी छात्र एवं छात्राओं की जल्द ऑफलाइन पढ़ाई शुरू हो सकती है। इसको लेकर विवि के पदाधिकारियों के बीच मंथन चल रहा है। हालांकि रिसर्च वाले कुछ छात्रों को बुलाना शुरू कर दिया है।

दरअसल, कोरोना से बचाव के मद्देनजर एचएयू में ऑनलाइन पढ़ाई कराई जा रही है। हालांकि टीचरों को विवि में बुलाया जा रहा है। कई कॉलेज और विवि को खोलने के आदेश हाल ही में दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार एचएयू में भी ऑफलाइन क्लास शुरू करने को लेकर विवि प्रशासन के बीच मंथन चल रहा है। हालांकि अभी कोई निर्णय इस पर नहीं लिया जा सका है। एचएयू के कुलपति प्रो. समर सिंह का कहना है कि सरकार के आदेश का इंतजार किया जा रहा है। प्रयास रहेगा कि छात्र एवं छात्राओं की पढ़ाई चाहे ऑनलाइन चले, चाहे ऑफलाइन, परेशानी न होने दी जाए।